नव भारत
राष्ट्र हित का प्रहरी १९३४ से


6 यादव, खंडेलवाल और हितानंद की तिकड़ी से क्या बदलेगी भाजपा


6 आँखों में झिलमिलाते ख्वाब


7 हमारा जीवन और आध्यात्मिक ज्योतिष


8 17 साल बाद स्वर्ण की उ मीद जगी

## एक नजर में



### मोदी, शाह ने देशवासियों को दी धनतेरस की बधाई

नयी दिल्ली. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को देशवासियों को धनतेरस की बधाई दी. मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने शुभकामना संदेश में लिखा, देश के मेरे सभी परिवारजनों को धनतेरस की अनेकानेक शुभकामनाएं. इस पावन अवसर पर मैं हर किसी के सुख, सौभाग्य और आरोग्य की कामना करता हूं. भगवान धन्वंतरि सबको अपना भरपूर आशीर्वाद दें.

### श्रद्धालुओं से भरी गाड़ी घाट में गिरी, 8 की मौत

नंदुरबार. जिले में एक बड़ा हादसा हो गया. यहां चंदशाली घाट पर एक वाहन गिर गया, जिससे 8 लोगों की मौत हो गई. जबकि 8 अन्य घायल हो गए. घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. वहीं, मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. जानकारी के अनुसार ये हादसा नंदुरबार जिले के शहादा पुलिस क्षेत्राधिकार में हुआ.

# 90% सब्सिडी में सोलर पंप

**10** फीसदी अब किसानों को देना होगा | **40** फीसदी का था प्रावधान अब तक | **03** एचपी वालों को 5 एचपी का पंप दिया जाएगा

- धनतेरस पर किसानों को सीएम ने दिया तोहफा
- सीएम ने किसान सम्मेलन में की घोषणा

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 18 अक्टूबर. मप्र के किसानों को धनतेरस के दिन सब्सिडी का तोहफा दिया है. प्रदेश में अब सोलर पंप लगाने पर किसानों को 90 फीसदी सब्सिडी दी जाएगी. अब तक केवल 40 फीसदी ही सब्सिडी देने का प्रावधान था, जिसे अब बदल दिया गया है. इतना ही नहीं किसानों को विद्युत पंप से एक स्टेप अधिक पॉवर केपिसिटी का सोलर पॉवर पंप दिया जायेगा, यानी 3 एचपी वाले किसान को 5 एचपी का सोलर पॉवर पंप और 5 एचपी वाले किसान को 7.5 एचपी का सोलर पॉवर पंप दिया जायेगा.**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को इस संबंध में घोषणा की. प्रदेश में सोयाबीन पर भावांतर योजना लागू होने के बाद मुख्यमंत्री निवास में किसान आभार सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें राजधानी से जुड़े जिलों के तीन हजार से अधिक किसानों ने हिस्सा लिया. इस दौरान मुख्यमंत्री ने किसान आभार सम्मेलन में पारम्परिक वेशभूषा में सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले सभी कलाकारों को 5-5 हजार रूपए देने की घोषणा भी की. वहीं संबोधन के दौरान उन्होंने कांग्रेस पर तीखा हमला किया. उन्होंने कहा कि कांग्रेसियों नालायक.... इतना कहते ही उन्होंने स्वयं को संभालाते हुए कहा कि ऐसा कहने का मन होता है, लेकिन भाषण में शब्द को संभालकर बोलना पड़ता है. 1956 से 2003 तक कांग्रेस की सरकार रही, लेकिन प्रदेश में महज साढ़े सात लाख हेक्टेयर में ही सिंचाई की सुविधा हो सकी और भाजपा की सरकार ने इसे कई गुना बढ़ा दिया.

सीएम ने कहा कि किसानों की भलाई के लिए हमारी सरकार हर जरूरी कदम उठायेगी. भावांतर योजना किसानों को खुले बाजार में फसलों की कीमतों के उतार-चढ़ाव से सुरक्षा देती है. यह योजना किसान हित में सरकार की एक बड़ी पहल है. सूखे खेत को अगर पानी दे दिया जाये, तो फसल सोना हो जाती है, हम प्रदेश के हर खेत तक पानी पहुंचायेंगे. मध्यप्रदेश के अन्नदाता अब ऊर्जादाता बन रहे हैं. किसान भाई अपने खेतों में सोलर पंप जरूर लगाएं. सोलर पंप लगाने से बिजली के अस्थाई कनेक्शन के खर्च से मुक्ति मिलेगी. उन्होंने कहा कि आज मध्यप्रदेश सोयाबीन स्टेट, मिलेट्स स्टेट, मसाला स्टेट, लहसुन स्टेट और संतरा स्टेट के रूप में प्रसिद्ध होकर देश का फूड बास्केट कहलाने लगा है. हमारी सरकार आने पर प्रदेश में अब 52 लाख हेक्टेयर रकबा सिंचित हुआ है. राज्य सरकार ने सिंचाई का रकबा100 लाख हेक्टेयर तक करने का लक्ष्य रखा है. किसानों को उनकी फसल का समुचित दाम मिले, इसके लिए फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स भी स्थापित की जा रही हैं, जिससे अधिक उत्पादन होने पर किसान भाइयों को फसल फेकनी न पड़े. शेष पेज 12 पर...

### दो लाख किसानों को 118 करोड़ की राहत राशि

सीहोर. प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव शनिवार को जिले की इछावर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बिलकीसगंज पहुंचे. यहां आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने जिले के दो लाख 5 हजार 977 किसानों के खातों में फसल क्षति राहत राशि के रूप में 118 करोड़ 41 लाख रुपए सिंगल क्लिक के जरिए ट्रांसफर किए. इसके अलावा उन्होंने 69.38 करोड़ रुपए की लागत के अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया. इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी किया.

# खाकी पर फिर लगा दाग



- 50 लाख की डील का खुलासा
- टीआई सहित 4 पुलिसकर्मी निलंबित

नवभारत न्यूज

**मंदसौर, 18 अक्टूबर. जिले की खाकी एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है. सिवनी में हवाला प्रकरण में 2.96 करोड़ रुपए की लूट का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि अब मंदसौर जिले से एक और चौंकाने वाली खबर सामने आई है.**

शामगढ़ थाना क्षेत्र में डोडाचूरा तस्करों से 50 लाख रुपए लेकर उन्हें छोड़ने के आरोप में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना ने बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र शिवहरे, उपनिरीक्षक अविनाश सोनी, प्रधान आरक्षक दिलीप बबेर और आरक्षक मनोहर मांगर्या को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय जांच के आदेश दिए हैं.

सूत्रों के अनुसार, ग्राम आकली शिवदास में पुलिस टीम अवैध शराब पकड़ने पहुंची थी, लेकिन वहां उन्हें करीब एक क्विंटल डोडाचूरा मिला. कार्रवाई करने के बजाय टीम ने तस्करों से सौदा कर लिया और मौके से जाने दिया. बताया जा रहा है कि सरपंच प्रतिनिधि के माध्यम से 50 लाख रुपए की डील तय की गई थी. शिकायत के बाद मामला प्रकाश में आया, जिसमें केवल एक आरोपी को ही मामले में शामिल किया गया जबकि अन्य तस्करों को छोड़ दिया गया. शेष पेज 12 पर...

### ऑडियो रिकॉर्डिंग से खुली पोल

शिकायत के बाद पुलिस अधीक्षक को जैसे ही जानकारी मिली, उन्होंने तत्काल जांच के आदेश दिए. जांच के दौरान एक ऑडियो रिकॉर्डिंग सामने आई, जिसमें डील की बातचीत के संकेत मिले. प्रारंभिक जांच में पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर एसपी मीना ने बिना देर किए चारों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया. सूत्रों का कहना है कि यह मामला केवल एक डील तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे पहले भी डोडाचूरा मामलों में लेन-देन की चर्चाएं सामने आती रही हैं.

## ढाका इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लगी भीषण आग

**ढाका 18 अक्टूबर. बांग्लादेश के ढाका स्थित हजरत शाहजलाल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के कार्गो टर्मिनल में शनिवार दोपहर भीषण आग लग गई, जिसके बाद अधिकारियों ने हवाई अड्डे पर सभी उड़ानों का संचालन स्थगित कर दिया.**

यह घटना दोपहर करीब 2:30 बजे हुई. नौसेना भी आग पर काबू पाने में मदद के लिए अभियान में शामिल हो गई है. जानकारी के अनुसार हवाई अड्डे के कार्गो विलेज, जहां आयातित सामान रखा जाता है, वहीं आग लगी.

रिपोर्टों के अनुसार, हवाई अड्डे के कार्यकारी निदेशक मोहम्मद मसूदुल हसन मसूद ने दोपहर 3:45 बजे स्थिति की पुष्टि की और आश्वासन दिया कि आपातकालीन उपाय किए जा रहे हैं.

## 2,385 करोड़ रुपए की क्रिप्टो करंसी जब्त

- ईडी ने ऑक्टाएफएक्स मनी लॉन्ड्रिंग मामले में की कार्रवाई

**नई दिल्ली 18 अक्टूबर. प्रवर्तन निदेशालय ने अनधिकृत विदेशी मुद्रा व्यापार मंच ऑक्टाएफएक्स में चल रही मनी लॉन्ड्रिंग जांच के संबंध में लगभग 2,385 करोड़ रुपये मूल्य की क्रिप्टोकरेंसी के रूप में चल संपत्तियों का एक अनंतिम कुर्की का आदेश जारी किया है.**

निदेशालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत यह कार्रवाई की. एजेंसी ने कहा कि इस योजना के कथित मास्टरमाइंड पावेल प्रोजोरोव को हाल ही में स्पेन के अधिकारियों ने कई देशों को प्रभावित करने वाले अंतर्राष्ट्रीय साइबर अपराधों में शामिल होने के आरोप में स्पेन में गिरफ्तार किया था. जांच पुणे के शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में कई व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज की गई.

## अफगानिस्तान पर पाक का हमला

### तीन क्रिकेटरों सहित आठ की मौत

**काबुल, 18 अक्टूबर. अफगानिस्तान के पक्तिका प्रांत में शुक्रवार रात पाकिस्तानी हवाई हमलों में तीन स्थानीय क्रिकेटरों सहित आठ लोगों की मौत हो गई.**

सुरक्षा अधिकारियों और अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सदस्यों के अनुसार उरगोन जिले में यह हवाई हमला शुक्रवार देर रात हुआ, जिसमें सात अन्य लोग घायल हो गए हैं. खिलाड़ियों की पहचान कबीर, सिघबतुल्लाह और हारून के रूप में की गई है.

बोर्ड के अनुसार जब यह हमला हुआ, तब खिलाड़ी प्रांतीय राजधानी शरण में एक दोस्ताना क्रिकेट मैच खेलकर घर लौट रहे थे. बोर्ड ने एक बयान में इन मौतों को अफगानिस्तान के खेल समुदाय के लिए एक बड़ी क्षति बताया और पीड़ितों के परिवारों और टीम के साथियों के प्रति संवेदना व्यक्त की. एसीबी ने शोक और विरोध के प्रतीक के रूप में नवंबर के अंत में होने वाली आगामी टी20 अंतरराष्ट्रीय त्रिकोणीय श्रृंखला से हटने की घोषणा की है, जिसमें पाकिस्तान भी शामिल था. यह हमला दोनों देशों के बीच विशेष रूप से पक्तिका और खोस्त प्रांतों में सीमा पार झड़पों में तेजी से वृद्धि के बीच हुआ है.



> सप्ताह के मध्य से ही अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है. इस्लामाबाद ने काबुल पर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादियों को पनाह देने और उन्हें अपनी धरती पर हमले करने की अनुमति देने का आरोप लगाया है,

## बिहार के गोपालगंज में 1 करोड़ और भोजपुर में 50 लाख बरामद

**गोपालगंज.** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस और एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं. इस कड़ी में गोपालगंज की थावे विधानसभा के कबिलासपुर गांव से पुलिस ने शनिवार एक घर से 1 करोड़ रुपए जब्त किए हैं. बरामद किए गए नोटों की गिनती जारी है. वहीं दूसरी ओर भोजपुर में चेकिंग के दौरान पुलिस ने बाइक की डिक्की से 50 लाख रुपए कैश बरामद किए हैं. हालांकि दोनों ही जगहों पर पैसों को लेकर कोई ठोस जानकारी हाथ नहीं लगी है. बक्सों में रखे करीब 1 करोड़ रुपए नगद बरामद किए गए हैं.

**ऐतिहासिक उछाल की तैयारी** | देश में कई वर्षों बाद सबसे अधिक खर्च करने का मौका साबित हुआ है

# त्योहारी उपहार ने रिकॉर्ड बिक्री को किया प्रोत्साहित

**नई दिल्ली 18 अक्टूबर. त्योहारों के इस मौसम में भारत को दिवाली का उपहार पहले ही मिल गया. यह उपहार कागज में नहीं, बल्कि एक नीतिगत फैसले में लिपटा हुआ था. प्रधानमंत्री मोदी द्वारा हाल ही में जीएसटी दरों में की गई कटौती से देशव्यापी खरीदारी में तेजी आई है.**

इस तेजी ने कई वर्षों के बाद इस नवरात्रि को उपभोग की सबसे बड़ी लहरों में से एक में बदल दिया. आवश्यक एवं उपभोक्ता वस्तुओं पर कम करों ने आम परिवारों को राहत दी है, बाजारों में उत्साह का संचार किया है और भारत की अब तक की सबसे समृद्ध दिवाली के लिए माहौल तैयार किया है. मुद्रास्फीति आठ वर्षों में अपने सबसे निचले स्तर पर आ गई है. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) घटकर जहां मात्र 1.54 प्रतिशत पर आ गई है, वहीं खाद्य मुद्रास्फीति नकारात्मक (-2.3 प्रतिशत) हो गई है. इससे आम परिवारों को बड़ा जश्न मनाने की आर्थिक आजादी मिली है. जैसे-जैसे जीएसटी दरें कम हुई, कीमतें गिरीं और क्रय शक्ति बढ़ी. इसके बाद जिस तरह का आर्थिक उत्सव मनाया गया, उसने देश भर के उत्साहपूर्ण त्योहारीमाहौल को प्रतिबिंबित किया. त्योहारों और शादियों के मौसम से ठीक पहले जीएसटी में कटौती करनेका समय बिल्कुल सही साबित हुआ. उपभोक्ताओं के रुझान में तेजी आई और इसके नतीजे हर क्षेत्र में दिखाई दे रहे हैं. त्योहारी और शादी के मौसम में कुल कारोबार 7 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है. जोकि देश में कई वर्षों बाद सबसे अधिक खर्च करने का मौका साबित हुआ है.

> **एक नीतिगत उपहार जिसने देश के बाजारों को जगमगा दिया**
> प्रधानमंत्री मोदी की सरकार ने न केवल जीएसटी दरें कम कीं, बल्कि उपभोक्ताओं का मनोबल भी बढ़ाया. खपत के चरम समय से पहले दरों में रणनीतिक रूप से समयबद्धता के साथकटौती करके, सरकार ने यह सुनिश्चित किया कि हर भारतीय परिवार इस त्योहार को अधिक बचत, अधिक विकल्पों और भारतीय उत्पादों पर अधिक गर्व के साथ मना सके. भारत की विकास गाथा दिवाली के दीयों से भी ज़्यादा चमक रही है.

